Date: 31.12.2024

// परिपत्र //

विषय : ईमेल सेवाओं का NIC से गूगल प्लेटफार्म पर स्थानांतरण करने हेतु।

उपरोक्त विषयानुसार सूचित किया जाता है कि संस्थान में संचालित NIC ई-मेल सेवाओं में विभिन्न समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं, जैसे OTP प्राप्त होने में देरी, मेल का समय पर न पहुँचना, लॉग-इन पेज का ओपन नहीं होना इत्यादि। इन समस्याओं के कारण कार्यालयीन कई महत्वपूर्ण कार्यों में रुकावट आ रही है और निर्णयों में देरी हो रही है। इस परिपेक्ष में सम्बंधित समस्या के समाधान हेतु NIC मेल को गूगल मेल पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है।

अतः वर्तमान में संचालित NIC ईमेल को गूगल प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरण करने के लिए समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, अनुभागाध्यक्ष, केन्द्राध्यक्ष, शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक अधिकारी एवं कर्मचारीगण दी गई लिंक (https://www.manit.ac.in/content/new-webmail) पर जाकर **Webmail स्थानांतरण प्रक्रिया** की कार्यवाही दिनांक 15/01/2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। अंतिम तिथि के पश्चात पूर्व वेब मेल से ईमेल नहीं भेजे जा सकेंगे तथा नवीन वेबमेल (MANIT GMAIL) के माध्यम से ही किये जा सकेंगे|

उपरोक्त नियत तिथि अर्थात 15/01/2025 के बाद सभी कर्मचारी अपने आधिकारिक ईमेल डेटा के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

स्थानांतरण में आ रही किसी भी प्रकार की समस्या के लिए आप मेल: **ITsupport@staff.manit.ac.in** पर ईमेल द्वारा या सेंट्रल कंप्यूटिंग फैसिलिटी में संपर्क करें|

यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया गया है |

सेंट्रल कंप्यूटिंग फैसिलिटी

प्रतिलिपि:

1) समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / अनुभागीय अधिकारी |
2) निज सहायक कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ |
3) निज सहायक निदेशक, निदेशक महोदय को सूचनार्थ |
4) प्रभारी वेबसाइट, वेबसाइट पर अपलोड हेतु |